समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# पाकिस्तान के नाकाम हमले, बढ़ते खतरे के बीच स्पेशल ट्रेन से वापस लाए जाएंगे खिलाड़ी ; BCCI का बड़ा एलान।

Publisher

Published on 09 May 2025



## आईपीएल 2025 मे पंजाब किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स मैच को रद्द घोषित कर दिया गया है. अब BCCI के वाइस प्रेसिडेटं ने बहुत बड़ी घोषणा कर दी है.

गुरुवार को पंजाब किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स मैच रद्द होने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) भी दबाव में आ गया है. भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच धर्मशाला मैदान में कम्पलीट ब्लैकआउट (Dharamsala Stadium Blackout) होने के बाद मुकाबला रद्द घोषित कर दिया गया और जल्द से जल्द मैदान को खाली भी करवा दिया गया. अब BCCI के वाइस प्रेसिडेंट राजीव शुक्ला ने बड़ा बयान जारी करके बताया है कि बोर्ड खिलाड़ियों को धर्मशाला से बाहर लाने के लिए स्पेशल ट्रेन का इंतजाम कर रही है.

बीसीसीआई के वाइस प्रेसिडेंट ने कहा, “हम सभी खिलाड़ियों को सुरक्षित वापस लाने के लिए एक स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था कर रहे हैं. अभी के लिए पंजाब किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स मैच को रद्द घोषित कर दिया गया है और स्टेडियम को खाली करवा दिया गया है. कल के हालातों को देखते हुए IPL 2025 टूर्नामेंट के भविष्य पर फैसला लिया जाएगा. फिलहाल सभी खिलाड़ियों की सुरक्षा पहली प्रातमिकता है.”

धर्मशाला में खेले गए इस मैच में पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी थी. याद दिला दें कि बारिश से प्रभावित इस मुकाबले में टॉस देरी से हुआ था. जब पंजाब की टीम बैटिंग करने आई तो प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने तूफ़ानी शुरुआत की. दोनों ने मिलकर टीम का स्कोर 10 ओवर में 122 रनों पर पहुंचा दिया था. प्रियांश ने 34 गेंद में 70 रन बनाए.

10.1 ओवर के खेल के बाद धर्मशाला मैदान में ब्लैकआउट छा गया था. श्रेयस अय्यर बिना कोई गेंद खेले प्रभसिमरन के साथ

डगआउट वापस लौट गए थे. फ्लडलाइट बंद होने के बाद मैदान में अंधेरा छा गया था. इसके बाद सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मैदान को जल्द खाली करवा दिया गया था.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.